# हिरासत में यातना

## प्रिलिम्स के लिये:

मौलिक अधिकार, भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता

## मेन्स के लिये:

हिरासत में यातना और हिरासत में मौत के कारण, पुलिस प्रणाली में सुधार, प्रौद्योगिकी और पूछताछ, हिरासत में मौत से बचाव के उपाय

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में दो पुलिस अधिकारियों को पुलिस हिरासत में अभियुक्तों को प्रताड़ित करने, हिरासत में यातना (हिंसा) **देने के आरोप में** निलंबित किया गया है।

## हिरासत में यातना (हिंसा):

- **परिचय:**
  - हिरासत में यातना से तात्पर्य एक ऐसे व्यक्ति को **शारीरिक या मानसिक यातना या पीड़ा देना है जो पुलिस या अन्य अधिकारियों की हिरासत में** है।
  - यह मानवाधिकारों और गरिमा का गंभीर उल्लंघन है तथा अक्सर यह हिरासत में होने वाली मौत ,जो किसी व्यक्ति की हिरासत के दौरान होती है, का कारण भी बनता है।
- **हिरासत में मौत के प्रकार:**
  - **पुलिस हिरासत में मौत:**
    - पुलिस हिरासत में मौत अत्यधिक बल, यातना, चिकित्सा देखभाल से इनकार या अन्य प्रकार के दुर्व्यवहार के परिणामस्वरूप हो सकती है।
  - **न्यायिक हिरासत में मौत :**
    - अत्यधिक भीड़भाड़, अपर्याप्त स्वच्छता, चिकित्सा सुविधाओं का अभाव, कैदी हिंसा या आत्महत्या न्यायिक हिरासत में मौत के कारण हो सकते हैं।
  - **सैन्यबलों या अर्द्धसैनिक बलों की हिरासत में मौत :**
    - यह यातना, असामान्य हत्याओं, मुठभेड़ या गोलीबारी की घटनाओं के माध्यम से हो सकता है।
- **भारत में हिरासत में मौत:**
  - गृह मंत्रालय (MHA) के अनुसार, वर्ष 2017-2018 की अवधि में **पुलिस हिरासत में मौत के कुल 146 मामले पाए गए, जबकि:**
    - वर्ष 2018-2019 में 136
    - वर्ष 2019-2020 में 112
    - वर्ष 2020-2021 में 100
    - वर्ष 2021-2022 में 175
  - पिछले पाँच वर्षों में हिरासत में सबसे अधिक (80) **मौतें गुजरात** में दर्ज की गई हैं, इसके बाद **महाराष्ट्र** (76), उत्तर प्रदेश (41), तमिलनाडु (40) और बिहार (38) का स्थान है।




//

- **भारत में हिरासत अवधिमें अत्याचार को रोकने में चुनौतियाँ:**
  - **अत्याचार और अन्य क्रूर, अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार या सज़ा (UNCAT) के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र** सम्मेलन के अनुसमर्थन का अभाव, जिस पर भारत ने वर्ष 1997 में हस्ताक्षर किये थे लेकिन अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है।
    - यह भारत को **हिरासत में यातना को रोकने और विरोध करने के लिये** अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों और मानकों द्वारा बाध्य होने से रोकता है।

## हिरासत में यातना संबंधी संवैधानिक तथा कानूनी ढाँचा:

- **संवैधानिक प्रावधान:**
  - [भारत के संविधान का अनुच्छेद 21](#) **जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार** की गारंटी देता है, जिसमें यातना तथा अन्य क्रूर, अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार या सज़ा से मुक्त होने का अधिकार शामिल है।
  - [अनुच्छेद 20(1)](#) में कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति को तब तक किसी भी अपराध के लिये दोषी नहीं ठहराया जाएगा,जब तक कि उसने ऐसा कार्य करते समय,जो कि अपराध के रूप में आरोपित है, किसी प्रवृत्त विधि का अतिक्रमण नहीं किया है इस प्रकार यह कानून अपराध से संबंधित कानूनी रूप से उल्लिखित सज़ा से अधिक की सज़ा पर रोक लगाता है।
  - अनुच्छेद 20(3) के अनुसार, **किसी को भी अपने विरुद्ध गवाही देने हेतु विवश नहीं किया जा सकता।** यह एक बहुत ही उपयोगी नियम है क्योंकि यह अभियुक्तों के कबूलनामे, जब उन्हें ऐसा करने के लिये मजबूर या प्रताड़ित किया जाता है, पर रोक लगता है ।
- **कानूनी सुरक्षा:**
  - **भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872** की धारा 24 में यह घोषित किया गया है कि अभियुक्त द्वारा जाँच एजेंसियों की धमकी, वादे या प्रलोभन के कारण दिये गए सभी इकबालिया बयान कानून की अदालत में स्वीकार्य नहीं होंगे। यह धारा मुख्य रूप से अभियुक्त को उसकी इच्छा के विरुद्ध संस्वीकृति देने से रोकने का काम करती है।
  - **भारतीय दंड संहिता (IPC)** की धारा 330 और 331 के तहत जब कोई संपत्ति हड़पने के इरादे से किसी व्यक्ति को चोट पहुँचाता है या उस व्यक्ति को अवैध कार्य करने के लिए प्रेरित करता है तो उसे दंडित किया जाता है।
  - [आपराधिक प्रक्रिया संहिता (CrPC)](#) की धारा 41 को वर्ष 2009 में संशोधित किया गया और इसमें सुरक्षा उपाय शामिल किये गए ताकि पूछताछ के लिए गिरफ्तारी एवं हिरासत हेतु उचित आधार एवं दस्तावेज़ी प्रक्रियाओं का पालन किया जाए, गिरफ्तारी को परिवार, दोस्तों एवं आम जनता के लिये पारदर्शी बनाया जा सके तथा कानून के माध्यम से सुरक्षा प्रदान की जाए।

## मानवाधिकारों के लिये अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन:

- **अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून, 1948:**
  - **अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून में एक प्रावधान है** जो लोगों को यातना और जबरन गायब करने से बचाता है।
- **संयुक्त राष्ट्र चार्टर, 1945:**
  - संयुक्त राष्ट्र चार्टर कैदियों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार करने का आह्वान करता है। चार्टर में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कैदी होने के बावजूद उनकी मौलिक स्वतंत्रता एवं [मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा](#), नागरिक तथा राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध व आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध में निर्धारित हैं।

- **नेल्सन मंडेला नियिम, 2015:**
    - **नेल्सन मंडेला नियिमों को [संयुक्त राष्ट्र महासभा] द्वारा वर्ष 2015 में कैदियों से सम्मान के साथ व्यवहार करने और यातना** एवं अन्य दुर्व्यवहार को प्रतिबंधित करने हेतु अपनाया गया था।

## हरिासत में यातना से नपिटने संबंधी उपाय:

- **कानूनी प्रणालियों को मज़बूत बनाना:**
    - ऐसे कानून पारति करना जो हरिासत में **यातना का अपराधीकरण करता हो।**
    - हरिासत में प्रताड़ना के आरोपों की त्वरति और नष्पिक्ष जाँच सुनश्चिति करना।
    - नष्पिक्ष और **त्वरति सुनवाई के माध्यम से अपराधयिों** को जवाबदेह ठहराना।
- **पुलसि सुधार और संवेदीकरण:**
    - **मानवाधकिारों और गरमिा के सम्मान पर ज़ोर** देने हेतु पुलसि प्रशक्षिण कार्यक्रमों को बढ़ाना।
    - कानून प्रवर्तन एजेंसयिों के भीतर जवाबदेही, व्यावसायकिता और सहानुभूत की संस्कृत को बढ़ावा देना।
    - हरिासत में प्रताड़ना के मामलों की प्रभावी ढंग से नगिरानी और समाधान करने हेतु नरीिक्षण तंत्र स्थापति करना।
- **नागरकि समाज और मानवाधकिार संगठनों को सशक्त बनाना:**
    - नागरकि समाज संगठनों को हरिासत में यातना के पीड़तिों की सक्रयि रूप से वकालत करने हेतु प्रोत्साहति करना।
    - पीड़तिों और उनके परविारों को सहायता एवं कानूनी सहायता प्रदान करना।
    - नविारण और न्याय के लयि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधकिार नकियों एवं संगठनों के साथ सहयोग करना।

## UPSC सवििल सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. भारत में राष्ट्रीय मानव अधकिार आयोग (एन.एच.आर.सी.) सर्वाधकि प्रभावी तभी हो सकता है, जब इसके कार्यों को सरकार की जवाबदेही को सुनश्चिति करने वाले अन्य यांत्रकित्वों का पर्याप्त समर्थन प्राप्त हो। उपरोक्त टप्पिणी के प्रकाश में मानव अधकिार मानकों की प्रोन्नति और उनकी रक्षा करने में न्यायपालकिा तथा अन्य संस्थाओं के प्रभावी पूरक के तौर पर एन.एच.आर.सी. की भूमकिा का आकलन कीजयि। (2014)**

## स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडयिा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/custodial-torture-1